उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केंद्र/**North Eastern Space Applications Centre**
भारत सरकार/**Govt. of India,** अंतरिक्ष विभाग/**Dept. of Space**
उमियम/**Umiam – 793103,** मेघालय/**Meghalaya**
Tel: 0364-2570140, Fax: 2570043

एन.ई-सैक के लिए जे.आर.एफ की भर्ती /JRF Recruitment for NESAC

No. NESAC/RMT-TEMP/01/2021(WI) दिनांक: 26.11.2021

उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (एन.ई-सैक), उमियम अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके उत्तर पूर्वी क्षेत्र में विकास प्रक्रिया की सहायता के लिए अंतरिक्ष विभाग और उत्तर पूर्वी परिषद (एन.ई.सी) के तहत कार्यरत एक स्वायत्त निकाय है। यह रिमोट सेंसिंग, जी.आई.एस, उपग्रह संचार और अंतरिक्ष विज्ञान अनुसंधान के संचालन का उपयोग करते हुए विसिष्ट अनुप्रयोग परियोजनाओं का कार्य करता है। केंद्र की सेवाएं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, बुनियादी अवसंरचना योजना, स्वास्थ्य, शिक्षा, आपदा प्रबंधन और भू-प्रेक्षण मिशन में सहायक है।

एन.ई-सैक ने निम्नलिखित परियोजना के लिए विशुद्ध रूप से परियोजना के आधार पर जूनियर रिसर्च फैलो (जे.आर.एफ) के निम्नलिखित पदों पर भर्ती का प्रस्ताव **08.12.2021 (बुधवार) को एन.ई-सैक, उमियम में 08.30 पूर्वाह्न (रिपोर्टिंग समय) पर निर्धारित वॉक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से किया है। उम्मीदवार अगले दिन भी साक्षात्कार के लिए अपने व्यय पर रूक सकते हैं।**

| पद कोड संख्या. | पदों की संख्या. | परियोजना का नाम | आवश्यक योग्यता | आवश्यक अर्हता |
|---|---|---|---|---|
| WI-01 | 01 | रंगानदी, दोयांग और कुरिछु जल विद्युत परियोजनाओं के लिए असम में बाढ़ परिदृश्य उत्पादन और निर्वहन आधारित अनुप्रवाह प्रभाव अध्ययन। | सिविल अभियांत्रिक (जल संसाधन से संबंधित विशेषज्ञता में)/ कृषि अभियांत्रिक (जल संसाधन से संबंधित विशेषज्ञता में)/ जल संसाधन/ जल संसाधन अभियांत्रिक/ जल विज्ञान में एम.ई /एम.टेक या नेट(NET)/ गेट(GATE) के साथ प्रथम श्रेणी में समकक्ष।<br>**या**<br>सिविल अभियांत्रिक (रिमोट सेंसिंग और जी.आई.एस संबंधित विशेषज्ञता में)/ रिमोट सेंसिंग और जी.आई.एस/ भूसूचना/ जियोमैटिक्स में एम.ई /एम.टेक या जल संसाधन/ जल संसाधन अभियांत्रिक /जल विज्ञान में विशेषज्ञता या शोध प्रबंधन या थीसीस के साथ समकक्ष/ या नेट(NET)/ गेट(GATE) के साथ प्रथम श्रेणी में समकक्ष।<br>**या**<br>रिमोट सेंसिंग और जी.आई.एस/ अनुप्रयुक्त भूविज्ञान/ भूविज्ञान/पर्यावरण विज्ञान में एम.एससी या नेट(NET)/ गेट(GATE) के साथ प्रथम श्रेणी में जल संसाधन से संबंधित क्षेत्रों में विशेषज्ञता या शोध प्रबंध या थीसीस के समकक्ष।<br>**या**<br>रिमोट सेंसिंग और जी.आई.एस/ अनुप्रयुक्त भूविज्ञान/ भूविज्ञान/ पर्यावरण विज्ञान में एम.एससी या समकक्ष, आर.एस और जी.आई.एस विशेषज्ञता में एन-जेट(N-JET) के साथ प्रथम श्रेणी में जल संसाधन से संबंधित क्षेत्रों में विशेषज्ञता या शोध प्रबंध या थीसिस । | • रिमोट सेंसिंग और जी.आई.एस इनपुट आदि का उपयोग करके जलविज्ञान और द्रवचालित मॉडलिंग में अनुभव। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| WI-02 | 01 | मल्टि सेंसर डेटा का उपयोग करके पूर्वोत्तर भारत के उष्णकटिबंधीय जंगलों में कार्बन डायनेमिक्स आकलन | वानिकी/ वन विभाग/ पर्यावरण विज्ञान/पारिस्थितिकी और पर्यावरण विज्ञान/ पर्यावरण प्रबंधन/ जीवन विज्ञान/ कृषि/ वीनिकी और जैव विविधता/ वनस्पति विज्ञान/ रिमोट सेंसिंग और जी.आई.एस/ भूसूचना विज्ञान में एम.एससी या समकक्ष, विज्ञान में स्नातक और वैध नेट(NET)/ गेट(GATE)। **या** वानिकी/ वन विभाग/ पर्यावरण विज्ञान/पारिस्थितिकी और पर्यावरण विज्ञान/ पर्यावरण प्रबंधन/ जीवन विज्ञान/ कृषि/ वीनिकी और जैव विविधता/ वनस्पति विज्ञान/ रिमोट सेंसिंग और जी.आई.एस/ भूसूचना विज्ञान में एम.एससी या समकक्ष, विज्ञान में स्नातक और वैध एन-जेट(N-JET)। **या** रिमोट सेंसिंग और जी.आई.एस/ भूसूचना/ स्थानिक सूचना में एम.टेक या समकक्ष विज्ञान में स्नातक और वैध नेट(NET)/ गेट(GATE) | • फील्ड सैंपलिंग /पारिस्थितिकी डेटा संग्रह/ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण आदि या आरएस और जी.आई.एस सॉफ्टवायर को संभालने का ज्ञान। |

## टिप्पणी:

**I.** जे.आर.एफ पद के लिए आवेदकों को निम्नलिखित में से किसी एक परीक्षा उत्तीर्ण करना चाहिए और स्कोर के साथ योग्यता प्राप्त करने का वर्ष ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत किया जाना चाहिए :

i. NET- व्याख्यान सहित, CSIR-UGC राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा।

ii. एम.एच.आर.डी (MHRD) द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट एप्टीट्यूट टेस्ट (GATE).

iii. एम.एच.आर.डी (MHRD) द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (JAM)

iv. जैव सूचनाविज्ञान राष्ट्रीय संघ द्वारा जैव सूचना विज्ञान में आयोजित जैव प्रौद्योगिकी पात्रता परीक्षा और परीक्षण

v. परमाणु उर्जा विभाग द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश स्क्रीनिंग परीक्षा (JEST), जीव विज्ञान और अंतः विषय जीव विज्ञान (JGEEBILS) के लिए संयुक्त स्नातक प्रवेश परीक्षा।

vi. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा (AICE) .

vii. राष्ट्रीय परीक्षण ऐजेंसी द्वारा यू.जी.सी की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा (SLET).

viii. NESAC JRF पात्रता परीक्षा (N-JET). N-JET 2018 **एन.ई-सैक में 13.03.2018** को आयोजित किया गया था। वैध स्कोर कार्ड वाले आवेदक सीधे आवेदन कर सकते हैं।

**II.** NET/NET समकक्ष योग्यता अनिवार्य योग्यता के अनुशासन/विशेषज्ञता में होनी चाहिए।

**III.** **सभी इंजीनियरिंग विषय, GATE योग्यता अनिवार्य है।**

**IV.** व्यवसायिक पाठ्यक्रम में स्नातकोत्तर डिग्री या एम.ई/एम.टेक/एम.प्लान या बेसिक साइंस में स्नात्कोत्तर डिग्री या चयन प्रक्रिया में एम.एससी./बी.ई./बी.टेक/बी.प्लान निम्नलिखित में से किसी एक के माध्यम से वर्णित हैः

(क) विद्वान जिन्हें राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा – CSIR-UGC NET के माध्यम से चुना जाता है, जिसमें लेक्चरशिप और (सहायक प्राध्यापक) और GATE शामिल है।

(ख) केंद्र सरकार के विभागों और उनकी एजेंसियों और संस्थानों जैसें DST, DBT, DAE, DOS, DRDO, MHRD, ICAR,ICMR, IIT, IISc, IISER आदि द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के माध्यम से चयन प्रक्रिया।

1. <u>सामान्य टिप्पणी</u>:

(i) प्रासंगिक विषय में एम.ई./एम.टेक डिग्री रखने वाले उम्मीदवारों को अपने आवेदन पर विचार करने के लिए समर्थन प्रमाण के साथ संबंधित क्षेत्र में विशेषज्ञता शोध /प्रबंध /थीसीस का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना चाहिए।

(ii) आवेदक द्वारा पढ़ाए जानेवाले विषयों की सूची में संस्थान के संबंधित प्राधिकारी द्वारा आवश्यक सहायक दस्तावेज उपलब्ध कराए जाने पर संबंधित क्षेत्रों में शिक्षण अनुभव पर विचार किया जाए।

(iii) अनुभव पत्र में विभिन्न परियोजनाओं के तहत आवेदक द्वारा किए गए कार्यों का विवरण होना चाहिए।

(iv) विदेशी डिग्री धारकों के मामले में जहाँ दस्तावेज़ /डिग्री/प्रमाणपत्र अंग्रेज़ी में नहीं है तो अनुवाद और अधिकृत प्रतिलेखन संलग्न किया जाना चाहिए और भारतीय विश्वविद्यालय संघ(AIU) से समकक्ष प्रमाणपत्र भी स्कैन और संलग्न किया जाना चाहिए। साक्षात्कार के समय समकक्षता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल होने से अयोग्य माना जाएगा।

(vii) निर्धारित योग्यता एवं मानदंड केवल न्यूनतम आवश्यकता है और मात्र इसे पूरा करने से ही उम्मीदवार साक्षात्कार के योग्य नहीं बन जाता है।

(v) केंद्र के पास किसी भी पद को न भरने का अधिकार सुरक्षित है, यदि वह ऐसा निर्णय लेता है।

**1. <u>आयु सीमा</u>:** अधिकतम आयु 28 वर्ष, <u>08.12.2021</u> के अनुसार, लेकिन अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के मामले में 5 वर्ष और अ.पि.व उम्मीदवारों के मामलें में 3 वर्ष की छूट। भूतपूर्व सैनिक और अशक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार के आदेशों के अनुसार आयु में छूट है।

**2. <u>पदों का कार्यकाल:</u>**

उपरोक्त सभी पद विशुद्ध रूप से संविदात्मक आधार पर है और नियमितीकरण के प्रावधान के बिना परियोजना के साथ सह-अंतक है। जूनियर रिसर्च फैलो एक वर्ष या परियोजना की अवधि जो भी पहले हो, के लिए शुरू की जाएगी एवं उनके कार्य और परियोजना के आवश्यकता के आकलन के आधार पर आगे की अवधि के लिए विस्तार योग्य होगी। जुनियर रिसर्च फैलो की वचनबद्धता की अवधि 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी। यह फैलोशिप इसरो/अं.वि. के किसी भी केंद्र में नियमित नियुक्ति के लिए कोई दावा या अधिकार प्रदान नहीं करेगा।

निदेशक, एनईसैक बिना किसी कारण के साक्षात्कार को स्थगित/रद्ध करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। वह अपने साथ परियोजना के समाप्त होने के पूर्व ही अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है, जिसके लिए की कोई अपील नहीं की जा सकेगी।

**3. <u>परिलब्धियाँ और अन्य लाभ</u> :** फैलोशिप राशि ₹ 31,000/- प्रति माह ।

उपर्युक्त फैलोशिप के अलावा, संबंधित परियोजना के तहत स्वीकृत्त/ एचआरए जो भी कम हो, के स्थान पर निर्धारित दरों पर एचआरए का भुगतान किया जाएगा और मौजूदा नियमों के अनुसार मात्र स्वयं के लिए चिकित्सा लाभ प्रदान करने की अनुमति है। इस उद्देश्य के लिए फैलोशिप राशि को मूल वेतन के रूप में लिया जाएगा।

जेआरएफ मात्र आकस्मिक अवकाश के पात्र है। भारत सरकार के नियमो के अनुसार सभी महिला जेआरएफ को मातृत्व अवकाश उपलब्ध होगी। इसके अलावा, चयनित उम्मीदवार नियमित कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य किसी भी लाभ के हकदार नहीं होंगे।

केंद्र कैंटिन सुविधाएँ, पुस्तकालय सुविधाए, परिवहन सेवाएँ आदि प्रदान करता है।

2. <u>आवेदन कैसे करेः</u>

इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों को अपने अपने वायोडाटा (निर्धारित प्रारूप के अनुसार) और बायोडाटा में प्रस्तुत विवरण के प्रमाण में सभी प्रासंगिक मूल दस्तावेजों के साथ स्व-सत्यापित फोटोकॉपी के एक सेट के साथ सीथे साक्षातकार स्थल पर आना होगा। केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायत्त निकायों के अधीन पहले से ही कार्यरत उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय मूल रुप में 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करना होगा। यदि उम्मीदवार उपरोक्त में से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहता है या यदि बायोडाटा में दी गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है, तो उम्मीदवार का साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा। बायोडाटा का प्रारूप एनईसैक वेबसाइट www.nesac.gov.in पर प्राकशित किया गया है।

- **बायोडाटा को निर्धारित बायोडाटा प्रारूप में साफ-सुथरा टाइप किया जाना चाहिए और फिर प्रिंट-आउट लिया जाना चाहिए। हस्तलिखित बायोडाटा स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

<u>सामान्य शर्तें:</u>

- **साक्षात्कार स्थल पर रिपोर्ट करने से पहले उम्मीदवारों को एक वैध निगेटिव कोविड-19 आरटीपीसीआर/ट्रूनाट/सीबीनैट परीक्षण रिपोर्ट (72 घंटे से अधिक पुरानी नहीं) के साथ आना होगा। [नोटः कोविड-19 रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) स्वीकार नहीं किया जाएगा]**

- **उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय संलग्न प्रारूप में कोविड-19 घोषणा प्रस्तुत करना आवश्यक है।**

- जिन्होंने <u>08.12.2021</u> तक आवश्यक शैक्षिक योग्यता प्राप्त करली है केवल उन्हे ही साक्षात्कार हेतु आने की आवश्यकता है। केवल उत्तीर्ण उम्मीदवार ही साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु योग्य है। अंतिम परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे छात्रों को एनईसैक में आने की आवश्यकता नहीं।

- किसी भी रूप में प्रभाव डालने का प्रयास करने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया जाएगा।

- चयनित उम्मीदवार को एनईसैक, उमियम में नियुक्त किया जाएगा, परंतु जब भी आवश्यकता हो या निदेशक , एनईसैक के निर्णय अनुसार भारत में किसी भी स्थान पर तैनात होने के लिए संभाव्य होंगे।

- चयनित जेआरएफ को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पीएचडी के लिए पंजीकरण करने और व्यक्तिगत व एनईसैक को लाभान्वित करने के लिए प्रासंगिक अनुसंधान विषय लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हालांकि उन्हें पीएचडी शोध पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय काम करना होगा। पीएचडी कार्य के लिए अवकाश स्वीकार्य नहीं है।

- किसी भी तरह का अंतरिम पत्राचार नहीं किया जाएगा।

- <u>08.12.2021</u> आयु, योग्यता, आदि जैसे सभी उद्देश्यों के लिए अंतिम तारीख होगी।

- निर्धारित अनुभव, यदि कोई हो तो आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद होना चाहिए।

- केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।

- साक्षात्कार में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार के टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।

- सरकार ऐसा कार्यबल तैयार करने की कोशिश कर रही है जिसमें लैंगिक संतुलन हो, अतः महिला उम्मीदवारों को साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**यह उम्मीदवारों के लिए है कि वे सुनिश्चित करें कि वह पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और इस विज्ञापन में दिए गए निर्देशों के साथ-साथ आवेदन पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन करते हैं। इसलिए, उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे विस्तृत विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें/**

हिंदी और अंग्रेजी संस्करण के बीच किसी भी तरह के अंतर के मामले में, तब अंग्रेजी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।

| महत्वपूर्ण |
|---|
| प्रत्येक दृष्टि से सभी उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारित करने की तिथि वाक-इन-इंटरव्यूह की तिथि होगी। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे बायोडाटा प्रारूप में अपने सभी विवरण सावधानीपूर्वक भरें। |
| वॉक-इन-इंटरव्यूह में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को स्व-सत्यापित फोटोकॉपी के एक सेट के साथ बायोडाटा मे प्रस्तुत विवरण के प्रमाण में सभी प्रासंगिक मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायत्त निकायों के अधीन पहले से ही कार्यरत उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय मूल रुप में 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करना होगा। यदि उम्मीदवार उपरोक्त में से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहता है या यदि बायोडाटा में दी गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है, तो उम्मीदवार का साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा। |